दिन–सोमवार दिनांक– 20 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन आज से पटना में शुरू। देशभर के तीन सौ से अधिक प्रतिनिधि ले रहे है भाग।

02. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामे के कारण सदन की कम होती बैठकों पर चिंता व्यक्त की। कहा– राजनीतिक दलों को इसकी रोकथाम के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए।

03. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा– कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन कायम रहेगा।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से मिली राहत।

————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो गया है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिहार भारत की संस्कृति, परंपरा और लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। श्री बिरला ने कहा कि यह आयोजन लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा।

–––बाईट–––

श्री बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की हर हाल में सुरक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति और असहमति बनी रहती है। इसके बावजूद सभी को सदन की गरीमा और प्रतिष्ठा का ध्यान रखना चाहिए।

–––बाईट–––

लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामे के कारण सदन की कम होती बैठको पर चिंता जताते हुए कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों को आचार संहिता बनाना चाहिए ताकि सदन का संचालन सुचारू ढंग से किया जा सके।

–––बाईट–––

———————————————————————————

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की जब भी बात होती है तब बिहार का नाम सबसे पहले लिया जाता है।

———बाईट———

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्धन में विधानसभा और विधान परिषदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री यादव ने कहा कि यह सम्मेलन पीठासीन अधिकारियों को विधायी कार्यों के संचालन में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

———बाईट———

विधान परिषद के सभापति अवधेष नारायण सिंह, उपसभापति रामवचन राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी सभा को संबोधित किया। विधानसभा के उपसभापति नरेन्द्र नारायाण यादव ने धन्यवाद भाषण दिया।

———————————————————————————

पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग ले रहे महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल सुरेश नारवेकर ने कहा कि ऐसे सम्मेलनों से संवैधानिक जिम्मेदारियों को समझने में मदद मिलती है।

———बाईट———

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा है कि इससे जबावदेही के साथ कार्य करने की परंपरा विकसित होगी।

———बाईट———

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान **संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ—संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने में संसद और राज्य विधानमंडलों का योगदान—**विषय पर चर्चा जारी है। सम्मेलन में देशभर से आये लगभग तीन सौ प्रतिनिधि शामिल हो रहे है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल समापन समारोह को संबोधित करेगे।

———————————————————————

इधर, सम्मेलन में भाग ले रहे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हें पीएमसीएच के इंदिरा गांधी इन्स्टीच्यूट ऑफ कॉडियोलॉजी में भर्ती कराया गया। ताजा जानकारी के अनुसार तबीयत में सुधार के बाद वे विशेष विमान से जयपुर के लिए रवाना हो गए।

———————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज बिहार विधान मंडल परिसर में राष्ट्रीय ई–विधान अप्लीकेशन सेवा केंद्र का उद्‌घाटन किया। उन्होंने एमएन कॉल और एसएल शकधर के द्वारा लिखित संसदीय प्रक्रिया की नियम पुस्तिका के आठवें संस्करण का भी लोकार्पण किया।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन कायम रहेगा। औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की जनता परिवर्तन चाहती है और आगामी चुनाव में महागठबंधन के पक्ष में फैसला सुनाएगी। श्री यादव ने कहा कि राजद की सरकार ने पहले सामाजिक न्याय के लिए काम किया था, अब आगे लोगों को आर्थिक न्याय देने के लिए कार्य करेगी।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की जीत तय है। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री हुसैन ने दावा किया कि एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ वापसी करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य विपक्षी दल राजद का दो अंको में आना भी मुश्किल हो जायेगा।

———————————————————————

अब खबरें महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कड़े कदम उठाए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की तैनाती और जागरूकता अभियानों के माध्यम से, प्राधिकरण महाकुंभ मेले के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सबसे आगे है।

———बाईट———

एफएसएसआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में खाद्य विश्लेषकों सहित 10 मोबाइल खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं तैनात की है। यह खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं मिलावटी और खराब होने वाली खाद्य पदार्थों की मौके ही पर जांच कर रही है। साथ ही खाद्य व्यापार संचालकों, स्ट्रीट फुड विक्रेताओं और आम जनता को जागरुक भी किया जा रहा है। मेले के प्रत्येक सेक्टर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं, जो स्वच्छता और सुरक्षा मानकों की नियमित निगरानी करते हैं। खाद्य गुणवत्ता की जांच के लिए मेला परिसर में मौजूद होटलों, छोटे खाद्य स्टॉल और ढाबों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मौके पर मौजूद टीम को खाद्य सुरक्षा संबंधी शिकायतों का समाधान और सामान की गुणवत्ता सहित खाना पकाने के तरीकों की जांच करके तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मेला क्षेत्र में की गई ये सार्वजनिक स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के प्रति सरकार के प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

———म्यूजिक———

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर दिन में धूप खिली होने के कारण न्यूनतम तापमान में औसतन दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर ठंड और कोहरे का प्रभाव अभी बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार

गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

---बाईट---

--------------------------------

इधर, ठंड में कमी के कारण पटना, मुंगेर समेत कई जिलों में स्कूलों में पठन–पाठन का कार्य आज से शुरू कर दिया गया है। हालांकि जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कक्षाओं के संचालन के लिए सुबह नौ बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे का समय निर्धारित कर दिया है।

--------------------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सुपौल जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने इस दौरान नवनिर्मित टाउन हॉल और सुधा डेयरी प्लांट के विस्तारित संयंत्र का शुभारंभ किया।

--------------------------------

मुंगेर जिले की रहनेवाली मशरूम लेडी के नाम से चर्चित वीणा देवी छब्बीस जनवरी को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्वागत समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से उन्हें आमंत्रण पत्र मिल गया है।

--------------------------------

बक्सर के केन्द्रीय कारा में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की गई है। इसके तहत ऑडियो–वीडियों के माध्यम से कैदियों को शिक्षा दी जायेगी।

--------------------------------

जहानाबाद के विभिन्न प्रखंडों में आज पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। जिसमें मतदाताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण पिछली बार इन क्षेत्रों में चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

———————————————————

मुंगेर जिले के टेटियाबंबर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरजपुर गांव में गोलीबारी की घटना में संग्रामपुर प्रखंड की प्रमुख इंदु देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। खड़गपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

———————————————————

रोहतास जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत पीठ फोरवां गांव के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ पर एक हाइवा और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

———————————————————

01. पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन आज से पटना में शुरू। देशभर के तीन सौ से अधिक प्रतिनिधि ले रहे है भाग।

02. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामे के कारण सदन की कम होती बैठकों पर चिंता व्यक्त की। कहा– राजनीतिक दलों को इसकी रोकथाम के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए।

03. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा– कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन कायम रहेगा।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से मिली राहत।

———————————————————

समाप्त